एक नजर में

अवैध भंडारण में लगे चार ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निदेर्शानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन, भंडारण और विक्रय के खिलाफ खनिज विभाग द्वारा निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के तहत बुधवार को खनिज विभाग की टीम ने रूठियाई क्षेत्र में सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने अवैध खनिज भंडारण गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर चार ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके से जप्त किया। जप्त किए गए सभी चारों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को सुरक्षा के मद्देनजर रूठियाई पुलिस चौकी परिसर में खड़ा कराया गया है। खनिज विभाग द्वारा संबंधित वाहन मालिकों और चालकों के खिलाफ नियमानुसार वैधानिक प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस पूरी कार्रवाई को प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती एवं खनिज विभाग के मैदानी अमले ने अंजाम दिया। कलेक्टर ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जिले में अवैध खनिज गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

परीक्षा परिणामों में गड़बड़ी के खिलाफ का प्रदर्शन

गुना। तात्या टोपे यूनिवर्सिटी द्वारा जारी बीए और बीएससी प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणामों में भारी गड़बड़ी को लेकर छात्र संगठन 'ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशनएआईडीएसओ के बैनर तले छात्रों ने जोरदार प्रदर्शन किया और विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। संगठन के मुताबिक यूनिवर्सिटी के अंतर्गत संचालित कॉलेजों में हजारों छात्र अध्ययनरत हैं। हाल ही में जारी परिणामों में भारत-बोध और व्यक्तित्व विकास जैसे विषयों में अधिकांश छात्रों को अनुत्तीर्ण कर दिया गया है। इन विषयों के प्रश्नपत्रों में अंग्रेजी माध्यम के छात्रों के लिए अनुवाद न होने और प्रश्नों के दोहराव की बात सामने आई थी, जिस पर प्रशासन ने आश्वासन दिया था कि छात्रों का परिणाम प्रभावित नहीं होगा।

ऑटो में सामान की तरह भूसे की तरह भरे जा रहे मासूम

जिंदगी से खिलवाड़ : जिम्मेदारों की खामोशी बढ़ा रही खतरा

नवभारत न्यूज

गुना 4 नव. का। शिक्षा के मंदिरों में नौनिहालों के सुरक्षित भविष्य को गढ़ा जाता है, लेकिन गुना शहर के कुछ प्रतिष्ठित और बड़े स्कूलों के भीतर का नजारा कुछ और ही दास्तान बयां कर रहा है। यहाँ मासूमों की जिंदगी के साथ सरेआम खिलवाड़ हो रहा है। महज पाँच सीटर ऑटो रिक्शा में ग्यारह से बारह बच्चों को ठूंस-ठूंसकर भरा जा रहा है, और हैरानी की बात यह है कि यह सब कुछ स्कूल परिसरों के अंदर से संचालित हो रहा है, जहाँ स्कूल प्रबंधन आँखें मूंदकर बैठा है।

शहर के कई बड़े स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा को ताक पर रख दिया गया है। स्थिति यह है कि स्कूल की छुट्टी के बाद ऑटो चालक सीधे स्कूल परिसर के अंदर वाहन ले जाते हैं और बच्चों को इस तरह भरते हैं जैसे कोई सामान लादा जा रहा हो। क्षमता से दोगुने से भी अधिक बच्चों को



एक छोटे से ऑटो में बैठाया जाता है। बच्चे ऑटो की सीटों से लेकर ड्राइवर के बैठने की जगह तक चिपके नजर आते हैं। स्कूल प्रबंधन की नैतिक जिम्मेदारी है कि वे बच्चों की सुरक्षा का ध्यान रखें, लेकिन अधिकांश स्कूलों के जिम्मेदार इस गंभीर लापरवाही पर पूरी तरह मौन साधे हुए हैं।

यातायात पुलिस की सुस्ती और हादसों का जोखिम

इस गंभीर समस्या के लंबे समय से बने रहने के बावजूद शहर की यातायात पुलिस का अमला इन लापरवाह ऑटो चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने से कतराता नजर आ रहा है। सड़कों पर नियमों की अनदेखी खुलेआम हो रही है, लेकिन पुलिस की चालानी कार्रवाई या चेकिंग अभियान कागजों तक सीमित प्रतीत होता है। पूर्व में भी स्कूली वाहनों के पलटने और बच्चों के घायल होने की कई दर्दनाक दुर्घटनाएं सामने आ चुकी हैं, इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों द्वारा किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है।

आम सवारियों का भी कमोबेश यही हाल

बच्चों के अलावा शहर में चलने वाले ऑटो और मैजिक वाहनों में आम सवारियों की स्थिति भी कम दयनीय नहीं है। निर्धारित क्षमता से अधिक यात्रियों को ठूंसकर शहर की सड़कों पर वाहन दौड़ाए जा रहे हैं, जिससे यातायात व्यवस्था चरमरा गई है और कभी भी कोई बड़ा सड़क हादसा हो सकता है।

अभिभावकों में रोष, सख्त कार्रवाई की मांग

इस खतरनाक खेल को लेकर अब शहर के जागरूक अभिभावकों में गहरा रोष व्याप्त है। पालकों का कहना है कि वे अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए भेजते हैं, रोज दांव पर लगी उनकी जान जोखिम में डालने के लिए नहीं। अभिभावकों और शहरवासियों ने जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग और यातायात पुलिस से पुरजोर मांग की है कि ऐसे लापरवाह स्कूलों और बेलगाम ऑटो चालकों के खिलाफ तत्काल प्रभाव से संयुक्त रूप से सख्त अभियान चलाया जाए, ताकि किसी अनहोनी से पहले मासूमों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

विशेष बच्चों के हुनर ने मोहा सबका मन

गुना। मन समिति द्वारा संचालित मन स्पेशल स्कूल और मन कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में परिसर में दीपावली उत्सव और भव्य मेले का रंगारंग आयोजन किया गया। इस अनूठे मेले में विशेष बच्चों और कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। मेले का मुख्य आकर्षण विशेष बच्चों द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित दीये, सजावटी सामग्रियां और कलात्मक वस्तुएं रहीं। मेले में एक तरफ जहाँ कलात्मक प्रदर्शनियों ने लोगों का दिल जीता, वहीं मन कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए स्वादिष्ट व्यंजनों के फूड स्टॉल्स ने मेले के उत्साह को दोगुना कर दिया। छात्र-छात्राओं ने स्टॉलों का संचालन कर अपनी प्रबंधन क्षमता का शानदार परिचय दिया।



राजस्व और खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी छापेमार कार्रवाई

नवभारत न्यूज

आरोन/गुना। आगामी त्योहारों के मद्देनजर आम नागरिकों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एक्शन मोड में नजर आ रहा है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आरोन मंजूषा खत्री के मार्गदर्शन में तहसील आरोन में मिठाई दुकानों और रेस्टोरेंट पर औचक निरीक्षण सह जांच अभियान चलाया गया।

इस कार्रवाई के तहत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अमित जैन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रवि शिवहरे, खाद्य सुरक्षा अधिकारी नवीन जैन, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी वर्षा बडोनिया और नगरपालिका की संयुक्त टीम ने आरोन स्थित प्रमुख खाद्य प्रतिष्ठानों पर आकस्मिक दबिश दी। जांच के दौरान जोधपुर मिष्ठान भंडार से मलाई बर्फी और बेसन की बर्फी, नवीन रेस्टोरेंट से मावा, घी व बर्फी तथा जैन श्री चाट भंडार से सोयाबीन तेल के सैंपल लिए गए। सभी नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जा रहा है, ताकि उनकी गुणवत्ता की जांच हो सके। कलेक्टर ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाले और अवैध गतिविधियों में लिप्त कारोबारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। त्योहारों के दौरान जिले भर में खाद्य प्रतिष्ठानों की निगरानी और जांच का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

नेता प्रतिपक्ष का सिंधिया को पत्र, गिनाए घोटाले

गुना। साल 2022 में गठित हुई गुना नगरपालिका की वर्तमान परिषद के कार्यकाल में शहर की बदहाल स्थिति और प्रशासनिक लचरता को लेकर नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ ने क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को एक कड़ा पत्र लिखा है। पत्र के जरिए उन्होंने केंद्रीय मंत्री को शहर के बिगड़े हालातों और पालिका में व्याप्त कथित अव्यवस्थाओं से बिंदुवार अवगत कराया है।

वशिष्ठ ने अपने पत्र में लिखा कि सिंधिया के संसदीय कार्यकाल में उन्होंने कांग्रेस और भाजपा दोनों की परिषदें देखी हैं, लेकिन इस तरह की अराजकता पहले कभी नहीं देखी। उन्होंने भ्रष्टाचार के 10 प्रमुख बिंदु उठाते हुए आरोप लगाया कि नाला सफाई, रोड स्वीपर, ई-रिक्शा और मृत मवेशी लोडिंग जैसी लाखों रुपये की मशीनें खरीद के बाद से कबाड़ में पड़ी हैं। इसके अलावा, दो वर्ष पूर्व खरीदी गई 80 लाख रुपये की कीटनाशक सामग्री को वार्डों में बांटे बिना घोटाले का आरोप लगाया। साथ ही, कचरा प्रबंधन में साढ़े चार करोड़ के कथित घोटाले, 5 महीने में उखड़ने वाली सड़कों, 3 करोड़ की रपटा योजना, 6 करोड़ के निमार्णाधीन कम्युनिटी हॉल की देरी और नामांतरण में आमजन को हो रही परेशानियों को उजागर किया।

धनतेरस की तैयारियों में सजा गगन मोटर्स, ग्राहकों के लिए ऑफर्स की भरमार

गुना। इस धनतेरस अपने घर लाएं खुशियों की सवारी, गगन मोटर्स लेकर आया है शानदार ऑफर्स की सौगात। धनतेरस के पावन पर्व को लेकर गगन मोटर्स, गुना में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। ग्राहकों को इस त्योहारी सीजन का भरपूर लाभ देने के लिए गगन मोटर्स पर हिरो की शानदार बाइक एवं स्कूटर रेंज के साथ कई आकर्षक ऑफर्स उपलब्ध हैं।



ग्राहकों के लिए आकर्षक कैश डिस्काउंट, एक्सचेंज डिस्काउंट, विशेष ऑफर्स एवं आसान फाइनेंस की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। वहीं किसानों, सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए भी विशेष ऑफर्स रखे गए हैं। गगन मोटर्स का उद्देश्य है कि इस धनतेरस हर परिवार अपने पसंदीदा हीरो टू-व्हीलर के साथ खुशियों का त्योहार मनाए। तो देर किस बात की! इस धनतेरस अपने सपनों की नई सवारी घर ले जाने के लिए आज ही पधारें।

लोकतंत्र की रक्षा और संवैधानिक मयार्दा पर मुख्य वक्ता ने विचार किए साझा

कुंभराज डिग्री कॉलेज में भाजपा का 'युवा संवाद' कार्यक्रम सम्पन्न

कुंभराज। देश में विपक्षी आंदोलनों की आड़ में फैलाई जा रही कथित अराजकता के विरोध में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत कुंभराज डिग्री कॉलेज में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता ने महाविद्यालय के युवा छात्र-छात्राओं के साथ सीधा संवाद कर लोकतंत्र, संवैधानिक मयार्दा और राष्ट्र निर्माण में



युवाओं की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जिसकी ताकत चुनाव प्रक्रिया और संवैधानिक संस्थाओं पर जनता के अटूट विश्वास में निहित है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (रकफ) जैसे विषयों का जिक्र करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि लोकतंत्र में असहमति और सवाल उठाने का अधिकार सभी को है, लेकिन इसका समाधान तथ्यों, प्रमाणों और कानूनी प्रक्रिया के तहत होना चाहिए। हिंसा और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाना लोकतांत्रिक मयार्दा के खिलाफ है। संवाद के दौरान सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक अफवाहों से बचने और किसी भी सूचना की सत्यता जांचने की अपील युवाओं से की गई। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा सिर्फ नारों तक सीमित न रहकर शिक्षा, रोजगार, सामाजिक समरसता और जनसेवा में दिखनी चाहिए। कार्यक्रम में भाजपा कुंभराज मंडल महामंत्री नीरज मालवीय, युवा मोर्चा जिला मंत्री रामनिवास मीणा, युवा मोर्चा कार्यकर्ता धर्मेंद्र चौकसे तथा महाविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

गुना। प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्र के निर्देशन में चलाए जा रहे 'सुरक्षित बचपन अभियान' के तहत बुधवार को विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। 'बोलो, बताओ, बचाओ' थीम पर आधारित यह अभियान एक से छह नवंबर 2026 तक संचालित किया जा रहा है। सांदिपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, एवरेस्ट स्कूल, पीएमश्री मा वि पुरानी छावनी गुना तथा शासकीय बालक उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीनागंज (चांचौड़ा) में शिविरों का आयोजन हुआ।

फतेहगढ़ के धनोरिया में जमीन विवाद में फिर भड़की चिंगारी

गुना। फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम धनोरिया में पूर्व में हुए जमीन विवाद को लेकर एक बार फिर दो पक्षों में विवाद की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुँची पुलिस कार्रवाई के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक महिला ने संदिग्ध जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। महिला की हालत बिगड़ने पर उसे आनन-फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, पूरा मामला जमीन के पुराने विवाद से जुड़ा हुआ है। पीड़िता आनंदी बाई का आरोप है कि दूसरे पक्ष द्वारा उनके घर की तरफ पत्थर फेंके जा रहे थे, जिस पर विवाद बढ़ गया और विरोध करने पर उनके बेटे के साथ मारपीट की गई। घटना की सूचना पर जब फतेहगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुँची, तो स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। अस्पताल में उपचाराधीन आनंदी बाई का गंभीर आरोप है कि पुलिस ने हमलावर आरोपियों को पकड़ने और उन पर कार्रवाई करने के बजाय उल्टा उनके परिवार के साथ सख्ती दिखाई। महिला का दावा है कि पुलिस कर्मियों ने उनकी बेटी और बहू कुसमा के साथ मारपीट की। पुलिस के इस रवैये से आहत और क्षुब्ध होकर आनंदी बाई ने जहरीला पदार्थ गटक लिया। फिलहाल महिला का जिला अस्पताल में इलाज जारी है, वहीं घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

ग्राम से लेकर राष्ट्र तक सम्मानित करेगा हिंदू रक्षा शक्ति संघ

नवभारत न्यूज

गुना। हिन्दू रक्षा शक्ति संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज कुमार के मार्ग-दर्शन एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ब्रजेश सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में ग्राम से लेकर राष्ट्र तक चलाये जा रहे अभियान पंजीकृत सदस्य बनाने हेतु लक्ष्य पूर्ति की। हिंदू रक्षा शक्ति संघ एक राष्ट्रवादी संगठन है, जिसमें सनातन धर्म, गौमाता की सेवा, संरक्षण, पालन आदि हिन्दू सनातनी परंपराओं का समाज में प्रचार-प्रसार करना, समाज के कमजोर, गरीब स्वजनों की हरसंभव मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहता है। अभी संगठन का विशेष पंजीकृत सदस्यता अभियान चल रहा था। जिसकी समय अवधि 31 अक्टूबर रात्रि 12 बजे तक थी के चलते संगठन



के पदाधिकारियों के द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए लक्ष्य की पूर्ति की गई है। उन सभी पदाधिकारियों के लिए बृजेश सिंह रघुवंशी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हमारे संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए सूची जारी कर रहे हैं मध्यप्रदेश से सम्मानित होने वाले पदाधिकारीगण - राजेन्द्र प्रसाद सुमन, प्रदेश प्रभारी मध्यप्रदेश सुरेश कुमार सुमन, प्रदेश महामंत्री मध्यप्रदेश, हरिओम प्रजापति प्रदेश मंत्री मध्यप्रदेश/प्रदेश मीडिया प्रभारी मध्यप्रदेश, लक्ष्मण सिंह धाकड़ युवा प्रदेश अध्यक्ष मध्यप्रदेश, चंदरलाल सूर्यवंशी संभाग प्रभारी उज्जैन, गोवर्धन मेघवाल संभाग अध्यक्ष उज्जैन, लखन कुशवाह जिला प्रभारी जिला अशोकनगर, बंटी त्यागी तहसील उपाध्यक्ष अशोकनगर, विवेक रघुवंशी मंडलअध्यक्ष शाढ़ोरा अशोकनगर, रामकृष्ण सिंह रघुवंशी जिला अध्यक्ष जिला शिवपुरी, श्रीमति मंजू लोधी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष जिला शिवपुरी, जगदीश सैनी जिला उपाध्यक्ष जिला गुना, हरिनारायण कुशवाह गौसेवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष जिला गुना, रोहित नारायण शर्मा धर्माचार्य प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष जिला श्योपुर, सहित सभी सम्मानित पदाधिकारीगण के लिए सम्मान पत्र एवं एक बड़ी वाली तलवार धार मुक्त पूजा पाठ वाली लायसेंस सहित भेंट स्वरूप प्रदान की जायेगी।

कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण के लिए 70 हितग्राही हुए चिह्नित

गुना। नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) और गेल (इंडिया) लिमिटेड के निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) तथा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र गुना में एक विशेष मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद दिव्यांगजनों और वरिष्ठजनों को कृत्रिम अंग एवं आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराना है। शिविर के दौरान जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से पहुंचे दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों का पंजीयन किया गया, जिसमें कुल 118 लोगों ने पंजीकरण कराया।



सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट से बाजार में बढ़ी रौनक, दीपावली से पहले आभूषणों की खरीदारी को लेकर ग्राहकों का रुझान तेज

नवभारत न्यूज

गुना। सराफा बाजार में सोने और चांदी के दामों में आई नरमी के चलते ग्राहकों का रुझान एक बार फिर आभूषणों की खरीदारी की ओर तेजी से बढ़ने लगा है। खासकर चांदी के दामों में आई जबरदस्त गिरावट ने ग्राहकों के लिए खरीदारी का यह बेहतरीन मौका तैयार किया है, जिसके चलते दीपावली के ठीक पहले शहर के बाजारों में रौनक लौट आई है। इस त्योहारी सीजन में ग्राहकों की आवभगत के लिए शहर का प्रतिष्ठित और बड़ा आभूषण शोरूम 'श्री राधा ज्वैलरी' जगदीश कॉलोनी पूरी तरह सजधज कर तैयार है। शोरूम संचालकों के मुताबिक, त्योहारी सीजन और धनतेरस को देखते हुए ग्राहकों का रुझान अभी से बाजार में दिखने लगा है। शोरूम पर आधुनिक और ट्रेंडी डिजाइन के शानदार आभूषणों की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है, जिन्हें पसंद करने और खरीदने के लिए बड़ी संख्या में ग्राहक पहुंच रहे हैं।

यात्रा पीपलखेड़ी में टांट्या भील की प्रतिमा का अनावरण, आदिवासी लोकनृत्य पर झूमे नेता

सत्य सनातन यात्रा का राघौगढ़ विधानसभा में ऐतिहासिक स्वागत

नवभारत न्यूज

राघौगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में निकाली जा रही 'सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा' बुधवार को राघौगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पहुँच गई। यात्रा के यहाँ प्रवेश करते ही राघौगढ़ विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष जयवर्धन सिंह की अगुवाई में क्षेत्रवासियों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उमड़ी भारी भीड़ और उत्साह से पूरा माहौल कांग्रेसमय नजर आया।

यात्रा के पीपलखेड़ी पहुचने पर एक बेहद खास और अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जब दिग्विजय सिंह की अगुवाई के दौरान उनके



पुत्र जयवर्धन सिंह के साथ उनकी पुत्रवधू सृजाम्या सिंह और पौत्र सहस्त्रजय सिंह भी पूरे परिवार के साथ मौजूद रहे। इसके अलावा, बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं ने भी आगे आकर यात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राघौगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पीपलखेड़ी में स्थापित राष्ट्रनायक जनजातीय गौरव टांट्या भील की प्रतिमा का अनावरण रहा।

गौरतलब है कि पीपलखेड़ी में टांट्या भील की इस प्रतिमा को स्थापित कराने के लिए राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह को गुना जिला प्रशासन से लेकर प्रदेश सरकार तक एक लंबा और कड़ा संघर्ष करना पड़ा था, जिसके बाद यह प्रतिमा यहाँ स्थापित हो सकी।

अनावरण के दौरान पारंपरिक आदिवासी लोकनृत्य ने सबका मन मोह लिया। माहौल उस समय और रंगीन हो गया जब आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व विधायक विक्रांत भूरिया सहित अन्य नेता आदिवासियों के साथ कदमताल करते हुए पारंपरिक नृत्य में थिरकते नजर आए। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री ओंकार मरकाम और पीसी शर्मा, विधायक हीरालाल अलावा, मध्य प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम, डॉ. आनंद राय तथा आदिवासी युवा नेता रामदेव ककोड़िया सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

आज बरखेड़ा से होगी शुरूआत

जिला कांग्रेस अध्यक्ष जयवर्धन सिंह ने जानकारी दी कि पाँच नवंबर को सुबह आठ बजे पदयात्रा की शुरूआत बरखेड़ा से होगी।

इस दौरान सबसे पहले स्थानीय गौशाला में आरती और ध्वजारोहण किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के सभी नागरिकों और कांग्रेस कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में इस यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

